लाल चुनर माँ ओढ़ के आई

लाल चुनर माँ ओढ़के आजा करके शेर सवारी
के बिगड़ी बनाने अब तो आजा माँ जगराते वाली
जय अम्बे शेरावाली जय जगदम्बे मैया राणी

मेरे मन है विश्वास तू मैया आएगी
सबके बिगड़े कारज आज बनाएगी
बीन बोले ही पढ़ लेगी बाते दिल की
पूरी हो जाएगी भक्तों के मन की
चिन्ता हरनी माँ चिंतपूर्णी
सब सुखों की तू ही करनी
अरे ज्वाला माँ के स्वागत सब मिलके बजाओ ताली
जय अम्बे शेरावाली जय जगदम्बे मैया राणी

माँ का जगराता नसीबो से आया है
भक्तों मिलकर दरबार सजाया है
के मैहर करेगी आज माँ मैहरावाली
तेरे दर से नहीं जाता कोई खाली
माँगलो झोली फैलाके सारे
माँ ज्वाला करेगी वारे न्यारे
अरे हो गई उसकी सफल जिंदगी
जिसने महिमा गा ली
जय अम्बे शेरोंवाली जय जगदम्बे मैया राणी

राज चले दिल्ली में कालका राणी का
गूंज रहा जयकारा माँ झंडेवाली का
गुड़गांवा में शीतला माता गोद भरे
धोलागढ़ वाली माँ पूर्ण काज करें
भोली काँगड़े वाली मैया
देदो ममता की माँ छैया
के तेरे दर पे आया संजय
बनके तेरा सवाली
जय अम्बे शेरोंवाली जय जगदम्बे मैया रानी

कुमार संजय भजन गायक
एवम लेखक 9643435958

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36184/title/lal-chunar-maa-odh-ke-aai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |